ठअ फर्द अहकाम

(नियम 26)

न्यायालय जिला कलक्टर, सिरोही

प्रार्थी / अपीलांट	बनाम	अप्रार्थी / रेस्पोडेन्ट
श्री पूनमसिंह राठौड कनिष्ठ सहायक निवासी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण स्वरूप विलास परिसर सिरोही।		सरकार जरिये लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर सिरोही

किस्म मुकदमा– **अपील अन्तर्गत धारा 19 आर.टी.आई. एक्ट 2005**

मुकदमा नं. 65 वर्ष 2021

दिनांक हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नम्बर व तारीख जो इस हुक्म की तामिल में जारी हुए
09.11.2021	अपीलांट ने यह प्रथम अपील रेस्पोडेन्ट के विरूद्ध सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6 के तहत उनके द्वारा मांगी गई सूचना उपलब्ध नही कराने से धारा 19 के तहत प्रस्तुत की गई । अपीलांट की अपील दर्ज रजिस्टर की जावे । अपीलांट द्वारा अपनी अपील में निवेदन किया गया हैं कि उसके द्वारा लोक सूचना अधिकारी ए.डी.एम सिरोही को दिनॉक 22.06.2021 को एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया कि जिला मुख्यालय सिरोही पर अतिरिक्त जिला कलक्टर सिरोही द्वारा राजकीय कर्मचारियों को राजकीय आवास आंवटित किए जाते है, लेकिन उनके कार्यालय द्वारा अलग–अलग आवेदन पत्र देकर व बिना किसी प्राथमिकता के कर्मचारियों को आवास आंवटित किए जाते है। इस संबंध में सूचना लोक सूचना अधिकारी से दिलाये जाने का निवेदन किया गया था। किन्तु निर्धारित समयावधि में उसे चाही गई सूचना उपलब्ध नही कराई गई है। मैने पत्रावली का अवलोकन किया गया तो पाया गया कि अपीलांट द्वारा निर्धारित शुल्क रूपये 10 जमा करा दिये है । अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी ए.डी.एम सिरोही को दिनॉक 22.06.2021 को एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया कि जिला मुख्यालय सिरोही पर अतिरिक्त जिला कलक्टर सिरोही द्वारा राजकीय कर्मचारियों को राजकीय आवास आंवटित किए जाते है, लेकिन उनके कार्यालय द्वारा अलग–अलग आवेदन पत्र देकर व बिना किसी प्राथमिकता के कर्मचारियों को आवास आंवटित किए जाते है। इस संबंध में सूचना उपलब्ध करवाई जावे। पत्रावली का अवलोकन करने पर यह पता चलता है कि उपरोक्त सूचना लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर सिरोही द्वारा जरिए पत्र क्रमांक 507 दिनांक 09.09.2021 को अपीलांट को दे दी गई है। अतः अपीलांट की अपील खारिज की जाती है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नंबर से कम हो । Signature Not Verified Digitally signed by Bhagwati Prasad Kalal Date: 2022.01.17 16:37:33 IST Reason: SelfAttested (भगवती प्रसाद) जिला कलक्टर, सिरोही	

Scanned with CamScanner